www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 92.955g

चांदी 91.500 kg



नवरात्रि नौवां दिन

**माता सिद्धिदात्री**

रंग : सफेद

भगवान शिव गौर वर्ण के हैं। शिवजी के अर्धनारिश्वर रूप का आधा हिस्सा होने के कारण इनका वर्ण भी गौर है

2 सार्क जैसा न बनने पाए बिम्सटेक, राजनयिक बैठकों और घोषणाओं पर निर्भर नहीं रह सकता

एडीएम ने खेत में रुककर गन्ने बोने का तरीका सिखाया 04

वर्ष :08 | अंक :284 | मुंबई ,रविवार , 06 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## सीधी जिले में तालाब में बहन के साथ दो भाई डूबे, तीनों की मौत

मध्यप्रदेश के सीधी जिले के खजुरिया गांव के पास शुक्रवार को एक तालाब में डूबने से दो भाइयों और उनकी बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो लड़कियों सहित बच्चे अपने माता-पिता के साथ महुआ एकत्र करने के लिए जंगल गए थे और वापस आते समय दोपहर करीब दो बजे नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। सीधी के पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि दाऊ प्रजापति (12), राखी प्रजापति (9) और छोटू प्रजापति (6) के शव बाहर निकाल लिए गए हैं और मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शवों का शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## केरल के आरएसएस नेता की हत्या मामले में फरार मुख्य हमलावर को एनआईए ने गिरफ्तार किया

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल के पालक्कड़ में 2022 में पीएफआई द्वारा प्रायोजित आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या मामले में कथित मुख्य हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक केरल के मलाप्पुरम के मंजेरी निवासी शमनद ई के उर्फ शमनद इल्लीकल की गिरफ्तारी पर सात लाख रुपये का इनाम था। शमनद पिछले तीन साल से फरार चल रहा था। आधिकारिक बयान में कहा गया कि शमनद कई अन्य मामलों में भी आरोपी था और एनआईए की फरार ट्रैकिंग टीम के निरंतर प्रयासों के बाद उसे अंततः एणार्कुलम से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कथित रूप से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संरक्षण में था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता श्रीनिवासन की जघन्य हत्या के बाद से गुप्त पहचान के साथ रह रहा था। बयान में दावा किया गया कि सितंबर 2022 में दर्ज मामले में एनआईए की जांच से पता चला है कि हत्या की साजिश कथित तौर पर पीएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के उद्देश्य से रची गई थी।

# नक्सलियों से अमित शाह की अपील, हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटें

### मारे जाने पर कोई नहीं होता खुश

**अपील**

**अमित शाह ने कहा कि विष्णु देव साय और विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर करवाएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित किया जाएगा और विकास निधि के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।**

एजेंसी

छत्तीसगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके दंतेवाड़ा के दौरे पर हैं। अमित शाह ने कहा कि अगले मार्च तक हम पूरे देश को इस लाल आतंक (नक्सलवाद) से मुक्त कराने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वो समय चला गया जब यहां गोलियां चलती थीं, बम फटते थे। मैं उन सभी लोगों से, जिनके हाथ में हथियार हैं, सभी नक्सली भाइयों से आग्रह करने आया हूं कि वे अपने हथियार छोड़ दें। जब कोई नक्सली मारा जाता है तो कोई खुश नहीं होता, लेकिन इस क्षेत्र को विकास की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि विष्णु देव साय और विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर करवाएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित किया जाएगा और विकास निधि के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने अपील की कि मुख्यधारा से जुड़िए, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार आपकी पूरी सुरक्षा करेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

**अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के बीच 86 नक्सलियों ने किया सामूहिक आत्मसमर्पण, मिली सहायता राशि**

*बस्तर/हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे के बीच शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में माओवादी संगठन को एक और झटका देते हुए 86 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से अधिकांश छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी माओवादी लंबे समय से आईईडी ब्लास्ट, फायरिंग, हत्या और ठेकेदारों से वसूली जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि इन सभी ने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन चेयुथा के तहत आत्मसमर्पण किया है।*




**जहां गोली की आवाज आती थी, वहां स्कूल की घंटी सुनाई देती है- सीएम साय**

- सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, माता की पूजा कर संकल्प लिया है कि नक्सलवाद को खत्म करना है।
- 15 महीने से सरकार में हैं। डबल इंजन की सरकार है। गृहमंत्री के मार्गदर्शन में सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों से लड़ाई लड़ रहे हैं।
- नक्सली जब समाप्त हो जाएंगे तब देश-दुनिया के लोग यहां आएंगे। ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, समेत अन्य राज्यों के 27 हजार कलाकार बस्तर पंडुम में शामिल हुए हैं।

# वक्फ बिल के बाद आरएसएस का ध्यान अब चर्च की जमीनों पर : राहुल गांधी

### ऑर्गनाइजर की रिपोर्ट का जिक्र कर राहुल गांधी ने किया खुलासा

> राहुल ने कहा कि पब्लिश आर्टिकल में दावा किया गया है कि भारत में कैथोलिक संस्थानों के पास 7 करोड़ हेक्टेयर भूमि है, जो उन्हें सबसे बड़ा गैर-सरकारी भूस्वामी बनाता है। गांधी ने ऑर्गनाइजर के लेख पर आधारित एक समाचार रिपोर्ट का लिंक शेयर करते हुए ट्वीट किया कि मैंने कहा था कि वक्फ बिल अभी मुसलमानों पर हमला करता है, लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने के लिए एक मिसाल कायम करता है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वक्फ बिल पर विवाद के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चेतावनी दी है कि ईसाई समुदाय आरएसएस का अगला निशाना हो सकता है। राहुल ने कहा कि आरएसएस के मुखपत्र में छपे एक लेख में दावा किया गया है कि कैथोलिक चर्च देश में सबसे बड़ा भूस्वामी है। ऑर्गनाइजर की वेबसाइट पर छपे लेख का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि पब्लिश आर्टिकल में दावा किया गया है कि भारत में कैथोलिक संस्थानों के पास 7 करोड़ हेक्टेयर भूमि है, जो उन्हें सबसे बड़ा गैर-सरकारी भूस्वामी बनाता है। गांधी ने ऑर्गनाइजर के लेख पर आधारित एक समाचार रिपोर्ट का लिंक शेयर करते हुए ट्वीट किया कि मैंने कहा था कि वक्फ बिल अभी मुसलमानों पर हमला करता है, लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने के लिए एक मिसाल कायम करता है। राहुल ने कहा कि आरएसएस को ईसाइयों पर अपना ध्यान केंद्रित करने में अधिक समय नहीं लगा। संविधान ही एकमात्र ढाल है जो हमारे लोगों को ऐसे हमलों से बचाता है - और इसकी रक्षा करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने लेख को निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा का अगला कदम कैथोलिक समुदाय के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर नियंत्रण करना है। चेन्निथला ने कहा कि वक्फ बिल के पारित होने के समय, कांग्रेस और राहुल गांधी ने उल्लेख किया था कि अगला कदम ईसाइयों के खिलाफ होगा। 'ऑर्गनाइजर' (लेख) में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि भारत में कैथोलिक समुदाय के पास 7 करोड़ एकड़ जमीन है। अगला कदम कैथोलिक समुदाय के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर नियंत्रण करना होगा। कैथोलिक चर्च बनाम वक्फ बोर्ड बहस' शीर्षक वाले लेख में आरोप लगाया गया है।



# ओवैसी के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आप विधेयक अमानतुल्लाह खान

### वक्फ संशोधन बिल को दी चुनौती

**अमानतुल्लाह खान ने आगे दावा किया कि विधेयक मनमाने ढंग से कार्यकारी हस्तक्षेप की सुविधा देता है और अपने धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों का प्रबंधन करने के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करता है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में खान ने अनुरोध किया है कि विधेयक को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन घोषित किया जाए और अदालत से इसे रद्द करने का आग्रह किया। खान ने तर्क दिया कि यह विधेयक संविधान के तहत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है, यह कहते हुए कि यह मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर करता है। अमानतुल्लाह खान ने आगे दावा किया कि विधेयक मनमाने ढंग से कार्यकारी हस्तक्षेप की सुविधा देता है और अपने धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों का प्रबंधन करने के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करता है।



वक्फ (संशोधन) विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पहले ही पारित हो चुका है। हालांकि, इसकी संवैधानिक वैधता को कई राजनीतिक नेताओं ने चुनौती दी है। शुक्रवार को कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस विधेयक को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# 'यह कुछ लोगों के लिए बन गया था लूट का जरिया'

### वक्फ संशोधन बिल पर सीएम योगी का बड़ा बयान

**बोले योगी, वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम से जमीनों की लूट-खसोट और अवैध कब्जे पर लगेगी रोक. पहले की सरकारों के दौर में 'एक जनपद, एक माफिया' का दौर था, अब 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज'. मुसहर, वनटांगिया और थारू जैसी जनजातियों के गांवों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा. पहले त्योहारों पर डर का माहौल रहता था, लेकिन अब दंगाइयों ने दंगा करना छोड़ दिया. विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने बांटा चेक, टैबलेट, आयुष्मान कार्ड और टूलकिट. चिकित्सकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का मुख्यमंत्री ने किया वितरण.**

एजेंसी

- 3 साल में यूपी से खत्म कर देंगे गरीबी, प्रदेश को बनाएंगे नंबर वन : योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री ने महाराजगंज में रोहिन बैराज का किया लोकार्पण, जनसभा को किया संबोधित
- मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा रोहिन बैराज, 16 हजार किसानों को मिलेगा लाभ

महाराजगंज । संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने महाराजगंज में कहा कि अब कोई भी वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन नहीं लूट सकेगा। सार्वजनिक संपत्ति और राजस्व भूमि का उपयोग अब स्कूल, कॉलेज, अस्पताल या गरीबों के लिए आवास बनाने के लिए किया जाएगा। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उत्तर प्रदेश में भी वक्फ बोर्ड के नाम पर लाखों एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। यह कुछ लोगों के लिए लूट का जरिया बन गया था। अब इस लूट पर लगाम लगेगी। योगी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एक नए भारत का निर्माण देख रहा है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर बिजली' के बाद अब हर क्षेत्र में 'हर घर नल' का लक्ष्य हासिल होने वाला है। क्या कोई सोच भी सकता था कि देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलेगा? प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाया है कि विकास को विरासत के साथ कैसे जोड़ा जाता है।



# बेंगलुरु कोर्ट का बड़ा फैसला, प्रज्वल रेवन्ना पर कई धाराओं में आरोप तय

**रेवन्ना के खिलाफ आरोपों में धारा 376(2)(के) (प्रभुत्व की स्थिति में किसी व्यक्ति द्वारा बलात्कार), 376(2)(एन) (बार-बार बलात्कार), 354(ए) (यौन उत्पीड़न), 354(बी) (कपड़े उतारने के इरादे से हमला या बल का प्रयोग), 354(सी) (चुपके से देखना), 506 (आपराधिक धमकी) और 201 (साक्ष्यों को गायब करना) शामिल हैं।**

एजेंसी

बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत ने एक हाई-प्रोफाइल बलात्कार मामले में जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए हैं। शनिवार को, अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने फैसला सुनाया कि मुकदमे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है, क्योंकि रेवन्ना पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की कई धाराओं के तहत गंभीर आरोप हैं।



# जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली

> सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई करते हुए जज यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया था। उनके ट्रांसफर का इलाहाबाद बार एसोसिएशन ने विरोध करते हुए हड़ताल का ऐलान कर दिया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और दिल्ली में कानून मंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद आम लोगों के हित में हड़ताल वापस ले ली गई थी। हालांकि वकीलों के विरोध के बाद भी जज का इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

### अभी नहीं दे सकेंगे फैसले, घर में जले नोट मिलने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे

एजेंसी

प्रयागराज , दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर आए जज यशवंत वर्मा ने शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश के चैंबर में उन्हें शपथ दिलाई गई। हालांकि उन्हें अभी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती, उन्हें न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है। शपथ के बाद हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में उनका नाम भी शामिल हो गया है। सूची में जस्टिस वर्मा का नाम 8वें नंबर पर है। आमतौर पर जहां जजों की शपथ सार्वजनिक समारोह में होती है, वहीं जस्टिस वर्मा ने उखक की इजाजत से अपने चैंबर में ही शपथ ली। वकीलों ने शपथ ग्रहण पर जताई नाराजगीउधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट की बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जस्टिस यशवंत वर्मा के शपथ ग्रहण का विरोध किया। एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय की तरफ से लिखे इस पत्र में कहा गया है।




# बुक माई शो ने उठाया बड़ा कदम, कमेडियन कुणाल कामरा का केटेंट हुआ रिमूव, आर्टिस्ट लिस्ट से भी हटे

**इससे एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ही शिवसेना (शिंदे गुट) के युवा नेता राहुल एन कनाल ने बुकमायशो को पत्र लिखकर कंपनी से अनुरोध किया था कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कामरा की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उन्हें मंच उपलब्ध न कराया जाए। वेबसाइट से कामरा के आने वाले शो की टिकट की बिक्री में मदद ना की जाए।**

एजेंसी

कॉमेडियन कुणाल कामरा को लगातार झटके मिलते जा रहे है। कुणाल कामरा को एक और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म बुक माई शो ने अपने प्लेटफॉर्म से स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा से संबंधित सामग्री को हटा दिया है। यहां तक कि वेबसाइट पर से लिस्टेड कॉमेडियन की लिस्ट से भी उनका नाम हटाया गया है इससे एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ही शिवसेना (शिंदे गुट) के युवा नेता राहुल एन कनाल ने बुकमायशो को पत्र लिखकर कंपनी से अनुरोध किया था।



**असंवैधानिक** बोले- देश को बांटना चाहती है भाजपा

# तेजस्वी यादव ने वक्फ बिल को बताया असंवैधानिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 की कड़ी निंदा करते हुए इसे असंवैधानिक बताया और भाजपा पर इसका इस्तेमाल देश को बांटने और महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए करने का आरोप लगाया। उनकी टिप्पणी संसद के दोनों सदनों द्वारा लंबी और गहन बहस के बाद विधेयक पारित होने के बाद आई। यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राजद ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ विधेयक का विरोध किया है। हमारे सभी सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। हम सभी का मानना है कि यह एक असंवैधानिक विधेयक है, यह अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। तेजस्वी ने भाजपा पर ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए विधेयक को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग ध्रुवीकरण करना चाहते हैं, देश को बांटना चाहते हैं, वे बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, आर्थिक स्थिति, गरीबी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी की वैचारिक जड़ों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, आरएसएस और भाजपा संविधान के खिलाफ हैं क्योंकि वे नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) के कानून को लागू करना चाहते हैं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं, विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति करते हैं। हमने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया, हम कभी नहीं करेंगे और लड़ते रहेंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का सीधे नाम लिए बिना यादव ने कहा, माननीय सीएम की तबीयत ठीक नहीं है, मैं उन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन जो पार्टियां खुद को धर्मनिरपेक्ष कहती हैं, उनकी पोल खुल गई है। इससे पता चलता है कि वे सत्ता के लिए स्वार्थी हैं।

इस बीच, बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जेडी(यू) की स्थिति डांवाडोल होती दिख रही है, क्योंकि संसद में वक्फ विधेयक पारित होने के बाद पार्टी के पांच सदस्यों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है, जो पार्टी की स्थिति से असंतोष का संकेत है - एक ऐसा घटनाक्रम जो आगामी चुनावों में कुमार के मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी तेजस्वी यादव को मजबूती दे सकता है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक गुरुवार को लोकसभा में 12 घंटे की बहस के बाद पारित हुआ, जिसमें 288 सांसदों ने इसके पक्ष में और 232 ने इसके खिलाफ मतदान किया। शुक्रवार को राज्यसभा ने विपक्ष के सभी संशोधनों को खारिज करने के बाद इसके पक्ष में 128 और इसके खिलाफ 95 मतों के साथ इसे मंजूरी दे दी।



> तेजस्वी ने भाजपा पर ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए विधेयक को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग ध्रुवीकरण करना चाहते हैं, देश को बांटना चाहते हैं, वे बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, आर्थिक स्थिति, गरीबी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं।

# छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर, राज्य विश्वविद्यालयों को सीएम रेवंत रेड्डी की सलाह



**सीएम रेड्डी ने कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों को एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर चुनौती का सामना करना चाहिए, जहां ग्रामीण और आर्थिक रूप से विवश पृष्ठभूमि के छात्र भी समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उन्होंने कुलपतियों से आग्रह किया कि वे शैक्षणिक पेशकशों को वर्तमान नौकरी बाजार की मांगों के साथ जोड़कर छात्रों की जरूरतों को प्राथमिकता दें।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी राज्य संचालित विश्वविद्यालयों से छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, जिसमें बाजार-संचालित और उन्नत पाठ्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जबकि पुराने या अप्रासंगिक पाठ्यक्रमों को समाप्त किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) में सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की, जहाँ उन्होंने संस्थागत सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्राप्त हो सके। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि निजी विश्वविद्यालय उद्योग-संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत करके संपन्न परिवारों के छात्रों को तेजी से आकर्षित कर रहे हैं। सीएम रेड्डी ने कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों को एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर चुनौती का सामना करना चाहिए।

## सम्पादकीय

# राजनीति का केंद्र बिंदु और देश की उम्मीदों का प्रतिबिंब भाजपा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन ने हमें मानवता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। तमाम राजनीतिक उतार-चढ़ाव के साथ 6 अप्रैल 1980 को इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। यह वह दिन था जब भाजपा ने एक नई शुरूआत की जो आज स्थापना दिवस के रूप में हर पार्टी कार्यकर्ता के लिए गर्व का प्रतीक है।भारतीय जनता पार्टी की साढ़े चार दशकों से अधिक की यात्रा भारतीय राजनीति के इतिहास में एक संघर्षशील, प्रेरणादायी और गौरवशाली अध्याय के रूप में दर्ज है। हर वर्ष 6 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ता देश भर में स्थापना दिवस को एक संकल्प के रूप में मनाते हैं। यह एक ऐसी यात्रा है जो दृढ़ संकल्प, निष्ठा, निरंतरता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण के साथ आगे बढ़ती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस बात का गर्व होता है कि वह अपनी पार्टी के माध्यम से एक ऐसी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रहा है, जिसका मात्र एक उद्देश्य राष्ट्र प्रथम है।यह विचार का वह बीज था, जिसने पहले भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी की इस ऐतिहासिक यात्रा की मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहुमुखी विकास की यह यात्रा अनवरत आगे बढ़ रही है।आजादी मिलने के बाद जब राष्ट्रवादी दृष्टिकोण रखने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और कांग्रेस के बीच वैचारिक मतभेद उभरे तो इन मतभेदों ने एक नई राह को जन्म दिया, जिसने देश के सामने एक मजबूत विकल्प प्रदान किया। उस दौर से आज तक कई अन्य राजनीतिक दल परिवारवाद, भ्रष्टाचार, विचारशून्यता और दिशाहीनता के शिकार होकर कमजोर पड़ते गए, लेकिन अपने विचारों के प्रति कटिबद्ध भारतीय जनता पार्टी आज देश के जनमानस में अमिट छाप छोड़ रही है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन ने हमें मानवता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। तमाम राजनीतिक उतार-चढ़ाव के साथ 6 अप्रैल, 1980 को इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। यह वह दिन था, जब भाजपा ने एक नई शुरूआत की, जो आज स्थापना दिवस के रूप में हर पार्टी कार्यकर्ता के लिए गर्व का प्रतीक है। हमारी जड़ें 1951 में स्थापित जनसंघ की प्रेरणा से जुड़ी हैं। उसके बाद 1977 में जनता पार्टी में विलय एक अस्थायी पड़ाव था, लेकिन वैचारिक असहमति ने हमें फिर से स्वतंत्र रूप से संगठित होने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांत बने, जो आज भी हमारी पहचान हैं।हालांकि शुरूआती दिनों में भी चुनौतियां कम नहीं थीं।

## आज का विचार

भारत संवाद

महनत वो किस्मत का सिक्का हैं जिसे ऊछालने पर हमेशा सफलता ही नजर आएगी।




**मेष राशि :** बिगड़े हुए काम बनेंगे. वाहन आदि क्रय विक्रय का अवसर मिलेगा. लंबी यात्रा अनुकूल रहेगी. नव निर्माण की योजना कार्य रूप लेगी. कार्य क्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा. व्यापार में किए गए कुछ परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे.

**वृष राशि :** भूमि संबंधी कार्य में आ रही बाधा सरकारी मदद से दूर होगी. व्यापार में परिश्रम अत्यधिक करना पड़ेगा. नौकरी में अधीनस्थ से कारण मतभेद हो सकते हैं. किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है राजनीति में जनमानस का सहयोग मिलेगा. सोच समझकर नीति निर्धारण करें. बनी बात बिगड़ सकती हैं. चोरी का भय एवं भ्रम बना रहेगा.

**मिथुन राशि :** संतान पक्ष से सहयोग मिल सकता है. अध्ययन में मन कम लगेगा. किसी पुराने मित्र से शुभ समाचार प्राप्त होगा. नौकरी में नए मित्र बनेंगे. व्यापारिक स्थिति में सुधार होगा. कला, अभिनय की दुनिया में जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त होगी. राजनीति के क्षेत्र में विश्वास स्थापित होगा.

**कर्क राशि ;** शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त होगी. कारावास से मुक्ति मिलेगी. व्यापारिक स्थिति में सुधार आएगा. राजनीति में विरोधी परास्त होगा. नौकरी में उच्च अधिकारी की निकटता का लाभ मिलेगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिलने से समाज में मान एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**सिंह राशि :** कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का गंभीरता पूर्वक समाधान करने के लिए तैयार रहें. घबराए नहीं. महत्वपूर्ण कार्य में संघर्ष करने के पश्चात सफल होंगे. विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी लाभ उठाने की कोशिश करेगा. अपनी कार्य शैली में सकारात्मक परिवर्तन की कोशिश करें.

**कन्या राशि :** कोई महत्वपूर्ण समाचार मिलेगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी. परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. सजने संवारने, श्रृंगार आदि में रुचि अधिक रहेगी. व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे. राजनीति में पद एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार में उत्पन्न हुए मतभेद शांत होंगे. दूर देश से किसी प्रियजन का घर आगमन होगा.

**तुला राशि :** कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है. नौकरी में उच्च अधिकारी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी. व्यापार में नए प्रयोग लाभकारी सिद्ध रहेंगे. बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा. राजनीति में आपकी कार्यक्रम एवं नेतृत्व की चर्चा होगी.

**वृश्चिक राशि :** शासन सत्ता से जुड़े लोगों को नवीन एवं महत्वपूर्ण कार्य मिल सकते हैं. पैतृक धन संपत्ति मिलने की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन के हस्तक्षेप से दूर होगी. कृषि कार्य में मित्रों व परिजनों का सहयोग मिलेगा. किसी प्रियजन को लेकर कोई शुभ समाचार मिलेगा. नवीन व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी.

**धनु राशि :** कार्य क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता रहेगी. नौकरी में आपको महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है. राजनीति में पार्टी बदलने से पहले खूब सोच विचार कर निर्णय लें.

**मकर राशि :** अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है. किसी प्रियजन के दूर जाने के कारण मन दुखी रहेगा. परिवार में अनजान व्यक्ति पर अत्यधिक विश्वास न करें. अन्यथा धोखा हो सकता है. नौकरी में कोई भी ऐसा कार्य न करें.

**कुंभ राशि :** दिन आपके लिए सुख एवं लाभदायक रहेगा. कार्य क्षेत्र में कठिन परिश्रम करने पर उसका अनुकूल फल भी प्राप्त होगा. अपनी सोच को सकारात्मक रखें. वाणी पर नियंत्रण रखें. किसी को कटु वचन ना कहें. महत्वपूर्ण कार्यों में सोच समझकर निर्णय लें.

**मीन राशि:** पूजा आराधना में अत्यधिक समय व्यतीत होगा. आज कार्य क्षेत्र में कुछ छोटी-छोटी समस्या उत्पन्न होती रहेंगी. अपनी समस्याओं को अधिक ना बढ़ने दें. उनका शीघ्र समाधान करने का प्रयास करें. मित्रों के साथ साझेदारी में कोई कार्य न करें. अपने बलबूते पर ही कार्य करें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सार्क जैसा न बनने पाए बिम्सटेक, राजनयिक बैठकों और घोषणाओं पर निर्भर नहीं रह सकता

> इस शिखर सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बैंकाक विजन 2030 रहा जो आर्थिक एकीकरण संपर्क और मानव सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अलावा प्रो-बिम्सटेक की पहल भी है जो बिम्सटेक को समृद्ध सशक्त और खुला क्षेत्र बनाने की रणनीति प्रस्तुत करती है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत भारत में सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई।

पिछली सदी के अंतिम दशक में स्थापित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, जिसने व्यापार और बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से शांति और स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी, अब तेजी से बदल रही है। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए टैरिफ की घोषणा के चलते वैश्विक बाजारों में हलचल मची है तो दूसरी ओर अमेरिका को चुनौती देने के लिए तैयार चीन अपने आक्रामक रवैये से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विभिन्न आर्थिक और सामरिक नीतियां अपना रहा है।ऐसे में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल यानी बिम्सटेक देशों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे न केवल आर्थिक सहयोग को मजबूत करें, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा रणनीतियों पर भी ध्यान दें, क्योंकि नए भू-राजनीतिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र का इन सभी परिवर्तनों से प्रभावित होना तय है। तमाम बाहरी चुनौतियों के अलावा इस समय बिम्सटेक देशों में आंतरिक उथल-पुथल मची हुई है। म्यांमार और थाइलैंड में भूकंप ने जान-माल को भारी क्षति पहुंचाई तो बांग्लादेश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों के बीच बांग्लादेश भारत से बैर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा के दौरान पूर्वोत्तर भारत को लेकर की गई अप्रिय टिप्पणी ने भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा दिया। इस तनाव का प्रभाव छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भी स्पष्ट दिखा।भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाइलैंड एवं म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य हैं। जब दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी सार्क भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते लगभग निष्क्रिय हो चुका है, तब सार्क के पांच सदस्य देशों का बिम्सटेक के मंच पर साथ आना नए अवसरों का संकेत है। हालांकि ऐसी भौगोलिक संरचना में जहां भारत केंद्र में हो और बांग्लादेश एवं नेपाल जैसे देश भारत विरोधी रवैया अपनाते रहे हों, क्या वहां बिम्सटेक वास्तव में क्षेत्रीय प्रगति, जुड़ाव और आर्थिक एकीकरण को गति दे सकता है? बिम्सटेक की उपयोगिता और भारत की प्रतिबद्धता को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बंगाल की खाड़ी से जुड़े देशों को ऐतिहासिक मतभेद पीछे छोड़कर नई संभावनाओं की ओर बढ़ना होगा, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां उपजा कोई संकट पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसलिए, बिम्सटेक देशों को क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।चूंकि बिम्सटेक के कई देश आंतरिक रूप से भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्रीय एकजुटता उनके लिए और अपरिहार्य हो जाती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच थाइलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की ओर से पेश 21 सूत्रीय कार्ययोजना को अपनाने पर सहमति बनी। इसमें प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, ऊर्जा और युवा कौशल विकास, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सुरक्षा और अंतरिक्ष सहयोग, आपदा प्रबंधन, व्यापार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है। यह कार्ययोजना सदस्य देशों के समक्ष वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।इस शिखर सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बैंकाक विजन 2030 रहा, जो आर्थिक एकीकरण, संपर्क और मानव सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अलावा प्रो-बिम्सटेक की पहल भी है, जो बिम्सटेक को समृद्ध, सशक्त और खुला क्षेत्र बनाने की रणनीति प्रस्तुत करती है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत भारत में सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। इस सबके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि इस समूह में विश्वास की कमी के चलते बिम्सटेक चार्टर को अपनाने में देरी हुई है। यह क्षेत्र आर्थिक रूप से सबसे कम जुड़ाव वाला रहा है। सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय व्यापार का महज छह प्रतिशत होना इसका एक प्रमाण है। मुक्त व्यापार संबंधी समझौता भी बातचीत के दौर में ही अटका हुआ है।बिम्सटेक अपनी सफलता के लिए केवल राजनयिक बैठकों और घोषणाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। इस समूह को आपसी विश्वास को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। इसमें भारत की भूमिका अहम होगी। राजनीतिक मतभेदों को कूटनीतिक संवाद के माध्यम से सुलझाने में नेतृत्व प्रदान करने के दृष्टिकोण से भारत और भी अहम हो जाता है। इस कवायद में छोटे सदस्य देशों को आश्वस्त करना होगा कि आपसी संपर्क, व्यापार और निवेश से सभी को समान लाभ मिलेगा। इसके लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत करना और वित्तीय सहयोग बढ़ाना आवश्यक है। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच बिम्सटेक के भीतर व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने में भारत अग्रणी भूमिका निभा सकता है। अगर भारत अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करे तो बिम्सटेक सार्क जैसा निष्क्रिय समूह बनने के बजाय प्रभावशाली क्षेत्रीय सहयोग का आधार बन सकता है। भारत को अपनी क्षमता और शक्ति अनुसार प्रयासों को आगे लेकर जाना होगा ताकि बिम्सटेक का हश्र सार्क जैसा न हो।

# कृषि उत्पाद में दखल का बाजार

विजय गर्ग

अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत अपने कृषि उत्पाद का बाजार खोलने के पक्ष में नहीं दिख रहा है। दरअसल, भारत की सत्तर करोड़ से अधिक आबादी कृषि उपज, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन और अन्य समुद्री उत्पाद पर आश्रित है। हालांकि भारत सरकार इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने की दृष्टि से मुफ्त अनाज, खाद्य सबसिडी और किसानों को छह हजार रुपए प्रतिवर्ष अनुदान के रूप में देती है। भारत की सत्तर फीसद अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि और उससे जुड़े उत्पाद हैं। अब अमेरिका इस परिप्रेक्ष्य में भारत पर द्विपक्षीय बातचीत का दबाव बना रहा है। अमेरिका चाहता है कि कृषि उत्पाद के लिए भारतीय बाजार खुले और उन पर शुल्क भी कम हो। अगर भारत ऐसा कोई समझौता करता है, तो ब्रिटेन और यूरोपीय संघ भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दबाव बनाएंगे। यूरोपीय संघ 'चीज' और अन्य दुग्ध उत्पाद पर शुल्क कटौती की इच्छा जता चुका है। ।मगर भारत के लिए कृषि में बाहरी दखल एक संवेदनशील मसला है, क्योंकि हमारे किसान विदेशी पूंजीपतियों से प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में नहीं हैं। भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक सांस्कृतिक तरीका भी है। जबकि अमेरिका और यूरोपीय देश कृषि को मुनाफे का उद्योग मानते हैं। एक रपट के अनुसार 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डालर था, जो उसके कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग दस फीसद है। बड़े पैमाने पर मशीनीकृत खेती और भारी सरकारी सबसिडी के साथ अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात का विस्तार करने के लिए आकर्षक बाजार के रूप में देखते हैं। जबकि भारत अपने कृषि क्षेत्र को मध्यम से उच्च शुल्क की कल्याणकारी योजनाओं द्वारा संरक्षित किए हुए है, ताकि किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके कृषि क्षेत्र को मुक्त बाजा बाजार बनाने का मतलब है, आयात प्रतिबंधों और शुल्कों को कम करना। कृषि को बाहरी सबसिडी वाले विदेशी आयातों के लिए खोलने का अर्थ होगा, सस्ते खाद्य उत्पादों का भारत में आना। यह खुलापन भारतीय किसानों की आय और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।



ऐसा ही दबाव भारत पर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) ने 2022 हुई जेनेवा बैठक में बनाया था। यहां तक कि अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों ने भारतीय किसानों को दी जाने वाली कृषि सबसिडी का जबर्दस्त विरोध किया था। ये देश चाहते हैं कि किसानों को जो सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने की सुविधा दी जा रही है, भारत उसे तत्काल बंद करे। दरअसल, देशों का मानना है कि सबसिडी की वजह से ही भारतीय किसान चावल और गेहूं का भरपूर उत्पादन करने में सक्षम हुए हैं और भारत इनके

अग्रणी देश बन गया है। बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, फिलीपींस और नेपाल के अलावा 68 देश भारत से गेहूं आयात करते हैं। भारत दुनिया के डेढ़ सौ देशों को चावल का निर्यात करता है। अमेरिका को भारत की यह समृद्धि फूटी आंख नहीं सुहा रही है।

दरअसल, सकल फसल उत्पाद मूल्य की दस फीसद सबसिडी का निर्धारण 1986-88 की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर किया गया था। बीते साढ़े तीन दशक में मंहगाई ने कई गुना छलांग लगाई है। इसलिए इस सीमा का भी पुनर्निर्धारण जरूरी है। यही वह दौर था, जब भूमंडलीय आर्थिक उदारवाद की अवधारणा ने बहुत कम समय में यह प्रमाणित कर दिया कि वह उपभोक्तावाद को बढ़ावा देकर अधिकतम मुनाफा बटोरने का उपाय भर है। टीएफए की सबसिडी संबंधी शर्त, औद्योगिक देश और उनकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इसी मुनाफे में और इजाफा करने की दृष्टि लगाई गई है, ताकि लाचार आदमी की आजीविका के संसाधनों को दरकिनार कर उपभोक्तावादी वस्तुएं खपाई जा सकें। नवउदारवाद की ऐसी ही इकतरफा और विरोधाभासी नीतियों का नतीजा है कि अमीर और गरीब के बीच खाई लगातार बढ़ती जा रही है। दरअसल, देशी और विदेशी उद्योगपति पूंजी का निवेश दो ही क्षेत्रों में करते हैं। एक, उपभोक्तावादी उपकरणों के निर्माण और वितरण में, , दूसरे प्राकृतिक संपदा के दोहन में यही दो क्षेत्र धनार्जन के अहम स्रोत हैं।अमेरिका जैसे विकसित देश भारत में किसानों को खाद और बिजली पर दी जाने वाली सबसिडी का भी विरोध कर रहे हैं। ये देश भारत के मछली पालन और उसके मांस के निर्यात में लगातार हो रही बढ़ोतरी से भी परेशान हैं। मछली पालकों को आर्थिक मदद मिलने से इसके उत्पादन में इजाफा हुआ है और मछली पालक वैश्विक बाजार में मांस निर्यात की प्रतिस्पर्धा में विकसित देशों के मुकाबले में बराबरी करने लगे हैं। यही कारण है कि अमेरिका भारतीय मछुआरों को मिलने वाली सबसिडी को प्रतिबंधित करना चाहता है।अमेरिका और यूरोपीय देशों की निगाह भारतीय दूध और दुग्ध उत्पाद व्यापार पर भी टिकी है। दुनिया की दूध का कारोबार करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फ्रांस की लैक्टेल है। इसने हैदराबाद की 'तिरुमाला डेयरी' को खरीद लिया है। भारत की तेल कंपनी आयल इंडिया भी इसमें प्रवेश कर रही है, क्योंकि दूध का यह कारोबार 16 फीसद की दर से हर साल बढ़ रहा है। अमेरिका भी अपने देश में बने दूध के सह उत्पाद भारत में खपाने की तिकड़म में है। । हालांकि फिलहाल उसे सफलता नहीं मिली है। दरअसल, भारत के कृषि और डेयरी उद्योग को काबू लेना अमेरिका की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि यहां बड़े और बुनियादी जरूरत वाले बाजार पर उसका कब्जा हो जाए। इसलिए जीएम प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियां और धन के लालची चंद कृषि वैज्ञानिक भारत समेत दुनिया में बढ़ती आबादी और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर हो जाने का बहाना बनाकर इस तकनीक की मार्फत खाद्य सुरक्षा की गारंटी का भरोसा जताते हैं। पर इस परिप्रेक्ष्य में भारत को सोचने की जरूरत है कि बिना जीएम बीजों का इस्तेमाल किए ही पिछले ढाई दशक में हमारे खाद्यान्न उत्पादन में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। मध्यप्रदेश में बिना जीएम बीजों के अनाज और फल-सब्जियों का उत्पादन बेतहाशा बढ़ा है। इसीलिए मध्यप्रदेश को पिछले कई साल से लगातार कृषि कर्मण सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। जाहिर है, हमारे परंपरागत बीज हा उन्नत किस्म के हैं और वे भरपूर फसल पैदा करने में सक्षम हैं।

# प्रसिद्ध धर्मस्थली कामाख्याधाम

(रीता मिश्रा)

प्रसिद्ध धर्मस्थली कामाख्या धाम, गुवाहाटी से तकरीबन दो किलोमीटर पूर्व में नीलांचल पर्वत पर स्थित है,जिसकी ऊंचाई 525 फीट है। कामाख्या मंदिर देश विदेश के पर्यटकों के लिए प्रसिद्ध धाम के रूप में प्रसिद्ध और सिद्ध है। भगवान त्रिलोचन शिव के कन्धे से छिन्न-भिन्न होकर सती के अंग भिन्न-भिन्न स्थानों पर गिरे। ये स्थान तीर्थरूप में प्रसिद्ध हुए। ये सभी सिद्धपीठ कहे जाते है। देवी इन स्थानों में विद्यमान रहती है, इस कारण ये सब सिद्ध पीठ माने जाते है। नीलाचंल पर्वत पर सती माता का योनिमण्डल कटकर, गिरकर पत्थर बन गया। इस शिला के स्पर्श मात्र से मनुष्य अमरत्व को प्राप्त कर ब्रह्मलोक में निवास कर अंत में मोक्ष लाभ करते है, ऐसा माना जाता है।मान्यता है कि मंदिर की दीवारों पर चौसठ योगिनियां और अष्टादश भैरवों की मूर्ति खुदवाकर कामदेव ने इसे आनन्दाख्य मंदिर के नाम से प्रचारित किया। आज इस मंदिर के नीचे का भाग ही शेष रह गया है। कामरूप तथा कामाख्या पर्वत के चारों और अनेक तीर्थ स्थान है।इसमें उमानन्द, अश्क्रांत, मणिकणेश्वर, नवग्रह, उग्रतारा, वशिष्ठाश्रम, पाण्डुनाथ और हथग्रीव आदि प्रसिद्ध है।कामाख्या देवी के समीप ही उत्तर की ओर सौभाग्य कुण्ड है, सर्वप्रथम तीर्थयात्री इसी सौभाग्यकुण्ड में स्नान कर मंदिर में प्रवेश करते है। कामाख्या मंदिर, विशिष्ठ शिलापीठ के ऊपर है यहां पाताल से निरन्तर जल निकलता रहता है। यही कामाख्या योनिमण्डल है। जिसका परिमाण एक हाथ लम्बा तथा बारह अंगुल चौड़ा है मातृ अंग होने के कारण इसका आधा भाग सोने की टोप से ढ़का रहता है और आधे भाग को भी वस्त्र, पुष्प माल्यादि से सुशोभित रखा जाता है। कामाख्या में कुमारी पूजा का अत्यधिक महत्व है। कुमारी पूजा करने से सम्पूर्ण देवी, देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है। प्रतिवर्ष देवी मंदिर में विभिन्न पर्वों के उपलक्ष्य में उत्सव पूजा आदि कार्य बड़े समारोह के साथ



अनुष्ठित होते है, जिसमें 'अम्बुवासी' मेला प्रसिद्ध है। आषाढ़ महीने में मृगशिरा नक्षत्र के तृतीय चरण बीत जाने पर चतुर्थ चरण में आद्रा नक्षत्र के प्रथम पाद के मध्य में देवी मां ऋतुवती हुई थी, इसी समय पांच दिनों का यह अम्बुवासी मेला लगता है।तीन दिन तक मंदिर का द्वार बंद रहता है, चौथे दिन कपाट खुलने पर यात्रियों को दर्शन करने दिया जाता है। इस अवसर पर देश-विदेश से भारी संख्या में साधु, महात्मा, औघड़ एवं तांत्रिक एकत्रित होकर अपनी तंत्र विद्या की साधना करते है। जिनके ठहरने तथा खाने-पीने के लिए अनेक स्वयंसेवी सस्थायें निरन्तर कार्यरत रहती है। प्राचीन काल में यह ज्योतिष का प्रमुख केन्द्र माना जाता था।

कामाख्या मंदिर के पास ही पूजा पाठ की सभी सामग्रियां उपलब्ध हो जाती है। होटल, फल-फूल तथा मिठाई की दुकानें भी है। इसके अतिरिक्त पर्वत के ऊपर पर्यटकों के रहने, खाने तथा अन्य सभी सुख-सुविधाओं का भी उचित प्रबंध नगर-निगम द्वारा किया जाता है। जिससे यात्रियों को असुविधा नहीं होती है। यहां यात्रियों के आवागमन की सुविधाएं भी पर्याप्त है जिससे असुविधा का प्रश्न ही नहीं उठता। इस प्रकार जगन्माता कामाख्या देवी का मंदिर सभी दृष्टियों से मनोरम तथा उपयुक्त फलदायक है।

जो व्यक्ति भक्ति भाव से योनिमण्डल के दर्शन-स्पर्शन करके जलपान करते हैं, वे देवऋण, पितृऋण से मुक्त हो परम धाम को प्राप्त होते है। कोटि गोदान करने से जो फल मनुष्य को मिलता है वही फल कामाख्या देवी की पूजा करने से प्राप्त होता है।

# जन्मदिन पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आशीर्वाद लेने पहुंचे रवि सिंह

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश सचिव और बूटीबोरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन नागपुर के ज्वाइंट सेक्रेटरी रवि सिंह आज अपने जन्मदिन के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। युवा समाजसेवी रवि सिंह का आज जन्मदिन है इस अवसर पर बूटीबोरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन की टीम और भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। रवि सिंह के जन्मदिन पर खुशी व्यक्त करते हुए बरिस्ता विकास मंच, सर्व समाज कल्याण सेवा संस्थान, सहित मान्धाता ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम सभा बरिस्ता के प्रधान श्रवण कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, भारतीय किसान संघ के डाक्टर मान सिंह, कमलेश सिंह के साथ साथ भारी संख्या में लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# भाजपा की स्थापना के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा 45 वर्षों के अनुभव किए साझा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की मुंबई के शिवाजी पार्क में स्थापना हुई। स्थापना के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने ठाणे जिले के ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों की जिम्मेदारी मिलने पार्टी संगठन बनाने में जुट गए , उन्होंने पार्टी और लोगों के कार्य में इस तरह सक्रिय हुए की कभी खुद के बारे में विचार नहीं किया। भाजपा के 45 वर्षों के सफर और उतार चढ़ाव पर खुलकर बात करते हुए पार्टी जनों और देशवासियों को बधाई दी है।

वसंतराव भागवत ने सबको लेकर राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य शुरू किया। वसंतराव पटवर्धन ,गोपीनाथ मुंडे ने 1980 से पहले के जनसंघ के कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी। नई पार्टी बनी और नया चुनाव चिन्ह कमल मिला। नव जवानों में उत्साह था वे अपने नेताओं के एक आदेश पर संगठन बनाने में जुट गए। अरविंद पेड्से के नेतृत्व में



ओमप्रकाश 27 अप्रैल 1980 से ठाणे जिले के ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में पार्टी का संगठन बनाने का कार्य किया। पार्टी के स्थापना दिवस आते ही उन दिनों की यादें ताजी हो जाती हैं। जब मुंबई के बांद्रा से पदयात्रा कर शिवजी पार्क पहुंचकर अपने अध्यक्ष को देखा और नवनिर्मित पार्टी भाजपा की सदस्यता ली। पार्टी के स्थापना के सदस्य रहे ओमप्रकाश शर्मा ने 1980 से अब तक का पार्टी का सफर देखा। वह भी दिन था जब बगैर सत्ता के कार्यकर्ता बड़े उत्साह से पार्टी के कार्यों में आते थे।

वर्ष 1980 में विष्णु सावरा को विधानसभा का टिकट मिला। नई पार्टी और नए चुनाव चिन्ह कमल पर विधान सभा का चुनाव लड़े और करीब 1500 मतों से वे चुनाव हार गए। 1985 में पुनः करीब 2100 मतों से दुबारा चुनाव हारे। इसी दौरान एड चिंतामण वनगा को पार्टी ने 1984 में दहानू लोकसभा से चुनाव लड़ाया,उन्हें करीब 84000 मत मिले।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दामू शिंगडा के सामने चुनाव लड़ने के बाद उनमें आत्म विश्वास आया। तीन बार चुनाव हारने के बाद 1996 से उनकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ और उपचुनाव समेत तीन बार चुनाव जीते। वे विक्रमगढ़ से विधानसभा सदस्य भी बने। सांसद रहते एड वनगा की मृत्यु हुई। 1990 से सावरा विधानसभा का चुनाव जीतते रहे। एड वनगा और विष्णु सावरा अपने जीवन के अंतिम समय तक जन प्रतिनिधि बने रहे। ओमप्रकाश शर्मा , मधुकर पाटील , विश्वनाथ पाटील , जे यू वाडेकर दादा आदि ठाणे जिला ग्रामीण क्षेत्रों में आज का पालघर जिले में पार्टी का संगठन मजबूत बनाने में अपना जीवन लगा दिया। कभी कांग्रेस और कम्युनिस्ट का गढ़ रहे क्षेत्रों में पार्टी का परचम लहराया। जहां आज भी पार्टी का मजबूत संगठन मजबूत बना हुआ है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटलविहारी वाजपेई के स्नेही रहे ओमप्रकाश शर्मा को हमेशा ठाणे जिला ग्रामीण की जिम्मेदारी दी जाती रही। भाजपा राष्ट्रीय परिषद के तीन बार सदस्य रहे ओमप्रकाश शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों मे जिस तरह निस्वार्थ कार्य कर अपने सहयोगियों को साथ लेकर घर घर में पार्टी को पहुंचाया।आज वैसे कार्यकर्ता मिलना आसान नहीं है,उस समय पार्टी और समय समाज सेवा का कार्यकताओं में जुनून निर्माण किया जाता था और कार्यकर्ता समर्पित भाव से पार्टी में कार्य में जुट जाते थे।

फास्ट ट्रैक

# जमीनी विवाद में युवक के साथ मारपीट

## शाहजहांपुर में दबंगों ने खेत पर जा रहे युवक को घेरा, घायल का आरोप–पैर में गोली मारी

शाहजहांपुर, थाना निगोही क्षेत्र में एक युवक को दबंगों ने गोली मार दी। घटना राघोपुर खुर्द में हुई। पीड़ित बंटी खेत जा रहा था। इसी दौरान कुछ दबंगों ने उसे रास्ते में रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने पहले उसके साथ मारपीट की। फिर उसके पैर में गोली मार दी। आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गए। बंटी का दबंगों से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने कुछ दिन पहले उसके खेत में लगे पेड़ जबरन कटवा दिए थे। इसको लेकर भी विवाद चल रहा था। दबंगों ने उसे पहले भी धमकी दी थी। घायल बंटी को पहले निगोही सीएचसी ले जाया गया। वहां से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अभी उसका इलाज चल रहा है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि होती है, तो उसी के अनुसार कार्रवाई होगी।



# प्रेम-विवाह के बाद बेटी को मायके पक्ष कर रहा प्रताड़ित

## ससुराल में की मारपीट, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई; डीएम से लगाई गुहार

शाहजहांपुर, एक प्रेम विवाह का मामला सामने आया है। थाना कांट क्षेत्र की मोहिनी सिंह ने आठ महीने पहले गांव के ही मानू सिंह से शादी की थी। परिवार की मर्जी के खिलाफ हुई इस शादी के बाद दोनों गांव छोड़कर चले गए थे। मोहिनी छह महीने की गर्भवती है और ससुराल में रह रही है। मोहिनी ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मायके पक्ष के लोग उसकी ससुराल वालों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कई बार ससुराल पक्ष से विवाद किया है। 3 अप्रैल को मायके पक्ष के लोग हथियार और लाठी-डंडे लेकर ससुराल पहुंचे। वे घर में घुसकर मारपीट करने लगे। मोहिनी के पति के साथ भी मारपीट की। इस दौरान मायके पक्ष की एक महिला ने खुद के सिर पर ईंट मार ली और आरोप ससुराल पक्ष पर लगा दिया। पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा उसे ही प्रताड़ित किया जा रहा है। डायल 112 पर कॉल करने पर भी कोई मदद नहीं मिली। मोहिनी के न्यायालय में बयान दर्ज हो चुके हैं। वह पति की सुपुर्दगी में है। अब उसने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# उल्हासनगर में संपत्ति के लिए फजीर्वाड़ा,सूत्रधार गिरफ्तार

फजीर्वाड़े के सूत्रधार पिता–पुत्रों की साजिश का भंडाफोड़।

मुख्य आरोपी 8 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. उल्हासनगर में फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाखो रुपये की संपत्ति बेचने का मामला प्रकाश में आया है। इस फजीर्वाड़े में प्रेम शर्मा, भोजराज शर्मा और यश शर्मा पर धोखाधड़ी करके संपत्ति बेचने और धमकाने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले मुख्य सूत्रधार प्रेम शर्मा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 8 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया और भोजराज शर्मा और यश शर्मा को पूर्व जमानत पर रिहा कर दिया है।

एसीपी अमोल कोली ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी मोहित नामक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रेम शर्मा नाम के व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों की सहायता से भोलेनाथ टॉवर के पास स्थित एक संपत्ति को बेचने का झांसा देकर उससे 4 लाख 11 हजार रुपये की ठगी कर ली लेकिन बाद में पता चला कि इस संपत्ति का मालिक कोई और ही है और इस तरह उसके साथ धोखाधड़ी की गई है।

शिकायतकर्ता मोहित का कहना है कि जब उसने अपनी रकम वापस मांगने या संपत्ति का कब्जा लेने की कोशिश कि तो प्रेम शर्मा और उसके परिवार के सदस्यों ने उन्हें अपशब्द और जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी भी दी ।इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही कर फजीर्वाड़ा के सूत्रधार प्रेम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया और भोजराज शर्मा और यश शर्मा को कोर्ट ने पूर्व जमानत पर रिहा किया है। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए सभी कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है।

# बिजली के तारों में स्पार्किंग से किसानों को बड़ा नुकसान

रायबरेली में 11 किसानों की 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

रायबरेली, जगतपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर जनौली में एक बड़ी घटना सामने आई है। शनिवार को पूरे चक मजरे में खेत के पास लगे ट्रांसफार्मर के तारों में स्पार्किंग से आग लग गई। ग्राम प्रधान लखन सिंह ने बताया है कि इस आग ने 11 किसानों की करीब 10 बीघा गेहूं की फसल को जलाकर राख हो गई है। घटना भोले शंकर त्रिवेदी के खेत में हुई। ट्रांसफार्मर के तारों में अचानक स्पार्किंग शुरू हो गई। चिंगारियों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग तेजी से आसपास की गेहूं की फसल में फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। राहत टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही आग ने पूरी फसल को नष्ट कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। प्रभावित किसानों में रामनरेश, भोले शंकर त्रिवेदी, दौलत और धुन्नू सहित 11 किसान शामिल हैं। सभी पीड़ित किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# पूर्व नगर सेवक मनोज शिंदे बने शिवसेना के लोकसभा क्षेत्र संपर्क प्रमुख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट ने वरिष्ठ नगर सेवक रहे मनोज शिंदे को ठाणे लोकसभा क्षेत्र का संपर्क प्रमुख नियुक्त किया है। पूर्व नगर सेवक मनोज शिंदे कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी और नगर सेवक के रूप में कार्य किये। गत विधानसभा चुनाव के बाद वे शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए। मनोज शिंदे कांग्रेस से कोपरी पांचपखाडी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। वे ठाणे मनपा का पिछला चुनाव हार जाने के बाद मनोनीत नगर सेवक के रूप में कार्य करना चाहते थे लेकिन आघाडी से उन्हें अवसर नहीं मिला। विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मेदवार के रूप में कोपरी पांचपखाडी से चुनाव लड़ा। इसके बाद वे शिवसेना में शामिल हो गए। उन्हें ठाणे लोकसभा क्षेत्र का संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति उप मुख्यमंत्री व पार्टी नेता एकनाथ शिंदे के आदेश पर नियुक्त किया गया है।



# सीएचसी में फर्जी हाजिरी का खेल

डीएम ने वरिष्ठ सहायक को किया निलंबित, 14 में से सिर्फ 3 गार्ड मिले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वरिष्ठ सहायक ममता रस्तोगी केंद्र में मौजूद नहीं थीं। लेकिन उपस्थिति पंजिका में उनके हस्ताक्षर मौजूद मिले। इस फजीर्वाड़े पर डीएम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए। एक अन्य कर्मचारी सत्येंद्र प्रकाश भी अनुपस्थित मिले। उनके पिता की बीमारी का हवाला देकर छुट्टी ली गई थी। लेकिन जांच में उनके अवकाश प्रार्थना पत्र में छुट्टी की अवधि दर्ज नहीं मिली। स्वास्थ्य केंद्र में और भी कई खामियां मिलीं। लिपिक शशिकांत वर्मा और अचल दीक्षित दो दिनों से गायब चल रहे थे। डीएम ने दोनों से स्पष्टीकरण मांगा है। सुरक्षा व्यवस्था में भी लापरवाही मिली। केंद्र में नियुक्त 14 गार्डों में से केवल 3 ही मौजूद थे। वो भी नियमानुसार वर्दी में नहीं थे। डीएम ने अनुपस्थित गार्डों का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही मौजूद गार्डों को वर्दी में ड्यूटी करने को कहा। जिलाधिकारी ने सुरक्षा एजेंसियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था और दवाइयों की उपलब्धता का भी जायजा लिया।



# एडीएम ने खेत में रुककर गन्ने बोने का तरीका सिखाया

## गर्मी से बचने के लिए किसानों के सिर पर बांधा अंगौछा, कहा- हीट वेव से बचना बहुत जरूरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तहसील पुवायां में जांच के लिए जा रहे एडीएम एफआर अरविंद कुमार गांव नवलपुर में रुक गए। उन्होंने दोपहर की तेज धूप में गन्ना बो रहे एक किसान को देखा। एडीएम ने किसान को गन्ना बोने का सही तरीका सिखाया। उन्होंने खुद अपने हाथों से बीज काटकर दिखाया। एडीएम की गाड़ी देखकर आसपास के किसान भी वहां जमा हो गए। एडीएम ने किसानों को बताया कि गन्ना एक नकदी फसल है। उन्नत और जल्दी पकने वाली प्रजातियों की खेती से अधिक लाभ कमाया जा सकता है। इससे चीनी मिल को भी फायदा होगा।



किसानों ने बताया कि वे पुवायां की सहकारी चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करते हैं। उन्होंने देखा कि एक किसान तपती धूप में गन्ने की बुवाई कर रहा था। इसलिए उन्होंने गाड़ी रूकवाई और वह खुद किसान के पास खेत में गए। उनके साथ पूरी टीम थी। एडीएम ने बताया- गन्ने की बुवाई के दौरान किसान गन्ने को कुछ ज्यादा काट रहे थे। तब हमने उनको समझाया कि गन्ने को कितना काटना है। जिस तरह से किसान गन्ने की बुवाई कर रहे थे। उस तरह से गन्ने की उगाही की प्रतिशत कम होती है। इस दौरान अन्य किसान भी आ गए थे। उनको भी जागरूक किया गया। गन्ना एक तरह से नकदी फसल है। गन्ना बुवाई के समय गन्ने का आंख और बड का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। इसे नष्ट नहीं करना चाहिए। एडीएम ने किसान से कहा- गन्ने की अच्छी उगाई के लिए कीटनाशक दवा बीच शोधन और भूमी शोधन दोनों का इस्तेमाल करना चाहिए। वर्ष 2024 पिछले डेढ़ सौ वर्ष का सबसे गर्म साल था। अब टेंपरेचर और तेजी से बढ़ रहा है। अगर 45 डिग्री से उपर टेंपरेचर चला जाए तो उसको हीट वेव का नाम दिया जाता है। हीट वेव से बचना बहुत जरूरी उन्होंने किसानों से कहा- जब हीट वेव होता तो वो बहुत खतरनाक होता है। 80 पर्सेंट किसानों से ही देश की अर्थव्यवस्था विकसित है। किसान सुबह पांच बजे से 11 बजे तक और शाम पांच बजे के बाद खेत पर काम करें। हीट वेव से बचना बहुत जरूरी है। हमारे पास कुछ गमछे थे। वह किसानों को दिए गए हैं और उनसे अपील भी की गई है। पूरे कपड़े पहने और पानी की बोतल अपने पास जरूर रखे। एडीएम ने कहा- गन्ना बोकर दिखाओ, उसके बाद एडीएम खुद बांका उठाकर किसान को समझाया और गन्ने को काटकर उसकी बुवाई करने लगे। समय से खाद-पानी देने की सलाह एडीएम ने किसानों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# सचिवालय में नौकरी का झांसा देकर ठगी :बेटे की नौकरी के लिए पिता ने दिए 30 हजार एडवांस

## आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 30 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। राजस्थान का रहने वाला और वर्तमान में फरुर्खाबाद में रह रहे आरोपी ने पीड़ित को राजनैतिक पहुंच का झांसा दिया। थाना कांट क्षेत्र के महानपुर गांव निवासी अरविंद कश्यप की मुलाकात अश्वनी प्रजापति से हुई। अश्वनी ने खुद को राजनीति और अधिकारियों में अच्छी पहुंच वाला बताया। उसने दावा किया कि वह पहले भी कई लोगों की सचिवालय में नौकरी लगवा चुका है। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस अश्वनी ने अरविंद के बेटे की नौकरी के लिए चार लाख रुपये की मांग की। एक महीने में नौकरी लगवाने का वादा किया। एडवांस के रूप में 30 हजार रुपये ले लिए। एक महीने बाद जब नौकरी नहीं लगी तो अरविंद ने अपने पैसे वापस मांगे। आरोपी ने न केवल पैसे लौटाने से मना कर दिया बल्कि फोन पर गाली-गलौज की। जान से मारने और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।




# दहेज में अपाचे बाइक और 2 लाख की मांग

## शाहजहांपुर में समझौते के बावजूद पत्नी को प्रताड़ित किया, मायके वालों को भी धमकाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, दहेज के लिए एक महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया। आरोपी पति अपाचे बाइक और दो लाख रुपए की मांग कर रहा था। थाना कांट क्षेत्र की महिला की शादी दो साल पहले थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। इसके बावजूद पति और ससुराल वाले अपाचे बाइक और दो लाख रुपए की अतिरिक्त मांग करने लगे। जब मांग पूरी नहीं हुई तो आरोपियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके पक्ष की मध्यस्थता से मामला सुलझा और पति पत्नी को वापस ले गया। लेकिन कुछ समय बाद फिर से दहेज के लिए प्रताड़ना शुरू हो गई। आरोपियों ने फिर से अपाचे और दो लाख रुपए की मांग दोहराई। मना करने पर महिला को मारपीट कर घर से बाहर कर दिया। जब पीड़िता के पिता समझाने गए, तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।



# मानवता की मिसाल बने पोस्टमार्टम हाउस कर्मचारी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। एक गरीब मां के पास बेटी के अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। कर्मचारियों ने मिलकर अंतिम संस्कार कराने का फैसला किया। 34 वर्षीय कोमल पुवायां क्षेत्र में अपनी सहेली के साथ रहकर नौकरी करती थी। उसकी मां मंजू हुंडालखेल मोहल्ले में किराए के मकान में रहती हैं। वह घरों में खाना बनाकर अपने 8 वर्षीय नाती और 12 वर्षीय नातिन का पालन-पोषण करती हैं। कोमल की सहेली उसे मरणासन्न अवस्था में मां के घर छोड़कर चली गई। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कोमल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मां ने बताया कि उनके पास अंतिम संस्कार के लिए केवल 1500 रुपये हैं।

भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने कहा- चीन का कदम गलत और घबराहट भरा

## अमेरिकी टैरिफ के जवाब में बीजिंग ने भी लगाया 34% टैरिफ, 10 अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के 34% टैरिफ लगाने के फैसले को घबराहट भरा बताया है। अमेरिका ने दुनिया के 60 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसमें चीन पर 34% टैरिफ लगाया है। इससे पहले ट्रम्प चीन पर एक महीने में दो बार 10%-10% टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे कुल टैरिफ 54% तक पहुंच चुका है। इसके जवाब में चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। चीन सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। यह साफ तौर पर एकतरफा दबाव डालने की कोशिश है। जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अब तक चीन से आने वाले सभी इंपोर्ट्स पर दो बार 10% अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं। व्हाइट हाउस का कहना है



कि यह कदम अमेरिका में चीन से अवैध रूप से आने वाले फेंटेनाइल को रोकने के लिए जरूरी था। इसका मतलब यह है कि अब अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर प्रभावी रूप से कुल 54% टैरिफ लागू हो गया है। शुक्रवार को जवाबी टैरिफ का ऐलान करने के साथ चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को उन कंपनियों की लिस्ट में डाल दिया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इनमें ड्रोन बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इसके अलावा 16 अमेरिकी कंपनियों पर एक्सपोर्ट नियम लागू किए गए हैं, जिससे वे चीनी के दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात न कर सकें। अर्थशास्त्री और द ग्लोबल ट्रेड पैराडाइम के लेखक प्रो. अरुण कुमार के मुताबिक पहले और दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर दुनिया को आर्थिक मंदी में धकेल सकता है, लेकिन ट्रम्प के मनमाने टैरिफ से चीन का पलड़ा भारी रहने वाला है। कई देश अब ट्रेड के लिए चीन की ओर रुख कर सकते हैं। 34% टैरिफ से चीन के निर्यात, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपभोक्ता सामान, में बड़ी गिरावट आ सकती है। इससे चीनी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा। चीन को नए बाजार तलाशने होंगे। अमेरिका पर टैरिफ लगाने से चीनी घरेलू उद्योगों को भी कुछ राहत मिल सकती है, क्योंकि अमेरिकी सामान महंगे होने से स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ सकती है। इससे पहले कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन के ऊपर लगाए 20% टैरिफ को वापस लेना होगा। ट्रम्प के जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा के बाद भारत की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह 26% टैरिफ के प्रभाव का आकलन कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इस टैरिफ का कुछ क्षेत्रों पर असर होगा, लेकिन भारत की इकोनॉमी इसे झेल सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन में ऐसे प्रावधान हैं कि अगर भारत अमेरिका की चिंताओं को दूर करता है, तो टैरिफ में कुछ छूट मिल सकती है। भारत इस दिशा में कदम उठाने पर विचार कर रहा है। चीनः वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का यह एकतरफा और धमकाने वाला कदम है। उन्हें तुरंत अपने एकतरफा टैरिफ को रद्द करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता तो चीन भी जवाबी कदम उठाएगा।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत

## जेलेंस्की ने सीजफायर उल्लंघन के लिए पुतिन को ठहराया दोषी

एजेंसी

यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि मध्य यूक्रेनी शहर क्रिवी रिह में रूस के ताजा हमलों में 16 लोगों की जान चली गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में मारे गए लोगों में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के गृहनगर, निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के छह बच्चे भी शामिल हैं। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा कि एक साधारण शहर पर रूसी मिसाइल। बस एक सड़क पर। आवासीय भवनों वाले क्षेत्र में। मिसाइल हमले यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में गुरुवार देर



रात एक ड्रोन हमले के बाद हुए। ड्रोन हमले में पांच नागरिक मारे गए। रूसी हमले अमेरिका और यूरोपीय नेताओं द्वारा संघर्ष में युद्ध विराम को स्वीकार करने के दबाव की पृष्ठभूमि में हुए हैं। जेलेंस्की ने युद्ध को समाप्त करने की रूस की अनिच्छा को नवीनतम हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर रूसी वादा मिसाइलों या ड्रोन, बम या

> रूसी हमले अमेरिका और यूरोपीय नेताओं द्वारा संघर्ष में युद्ध विराम को स्वीकार करने के दबाव की पृष्ठभूमि में हुए हैं। जेलेंस्की ने युद्ध को समाप्त करने की रूस की अनिच्छा को नवीनतम हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर रूसी वादा मिसाइलों या ड्रोन, बम या तोपखाने के साथ समाप्त होता है। कूटनीति का उनके लिए कोई मतलब नहीं है।

तोपखाने के साथ समाप्त होता है। कूटनीति का उनके लिए कोई मतलब नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमले आकस्मिक नहीं हो सकते उन्होंने आगे कहा कि रूसियों को ठीक से पता है कि वे किस पर हमला कर रहे हैं। वे जानते हैं कि ये ऊर्जा सुविधाएं हैं जिन्हें हमलों से बचाया जाना चाहिए, जिसका वादा रूस ने खुद अमेरिकी पक्ष से किया था। जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि रूस पर 'पर्याप्त दबाव' की जरूरत है ताकि उन्हें हर झूठ, हर हमले, हर दिन जब वे जान लेते हैं और युद्ध को लंबा खींचते हैं, के परिणामों का एहसास हो। उन्होंने पुतिन पर युद्ध विराम को अस्वीकार करने का आरोप लगाया और कहा कि यह मॉस्को ही है जिसने 11 मार्च से युद्ध विराम से इनकार कर दिया है। यह रूस में वे लोग हैं जो यह युद्ध चाहते हैं।

# वीजा रद्द होने पर भी अमेरिका छोड़ना जरूरी नहीं

## अमेरिका के 2 टॉप इमिग्रेंट्स एक्सपर्ट्स की राय; ट्रम्प सरकार ने देश छोड़ने को कहा था

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका में कई विदेशी छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द कर दिया है। कुछ को देश छोड़ने की चेतावनी दी गई है तो कुछ को डिटेन कर लिया गया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने देश विरोधी एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। अमेरिकी सरकार के कदम से विदेश में पढ़ रहे छात्रों में घबराहट का माहौल है। इस बीच दैनिक भास्कर डिजिटल ने इमिग्रेशन मामलों को देखने वाले अमेरिका के टॉप लीगल एक्सपर्ट्स से बात की। इन्हीं सवालों के जवाब जानने के लिए हमने अमेरिका के दो बड़े इमिग्रेशन वकीलों शीला मूर्ति और साइरस डी. मेहता से बात की। उनका मानना है कि अगर किसी छात्र का वीजा रद्द हुआ भी है, तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। सवालः छात्रों का वीजा रद्द हुआ, क्या अमेरिका छोड़ना होगा? शीला मूर्ति कहती हैं कि वीजा रद्द होने और स्टेटस रद्द होने में अंतर है। वीजा सिर्फ अमेरिका में प्रवेश का दस्तावेज होता है। अगर कोई छात्र अमेरिका से बाहर गया और दोबारा एंट्री लेने की कोशिश की, तो वीजा रद्द होने के कारण उसे रोका जा सकता है। सवालः जिनकी पढ़ाई खत्म होने वाली है, उनके लिए क्या रास्ता है? जिन छात्रों की पढ़ाई 1-2 महीने में खत्म होने वाली है, वे भी इस ईमेल से डरें नहीं। शीला मूर्ति कहती हैं कि अगर किसी





छात्र को अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है, तो वह किसी वकील की मदद ले सकता है। यह मौलिक अधिकार है कि व्यक्ति के स्टेटस से बिना न्यायिक प्रक्रिया के छेड़छाड़ नहीं की जा सकती।विदेश विभाग सिर्फ वीजा कैंसिल कर सकता है, स्टेटस पर फैसला सिर्फ होमलैंड सिक्योरिटी और कोर्ट का अधिकार क्षेत्र है। सवालः क्या सोशल मीडिया एक्टिविटी पर एक्शन सही है? साइरस डी मेहता साफ कहते हैं कि कैंपस एक्टिविजम या सोशल मीडिया पर इजराइल विरोधी पोस्ट को लाइक करना देशविरोधी गतिविधि नहीं है। उनके मुताबिक, ह्लयह ट्रम्प प्रशासन की तरफ से लिया गया एक मूर्खतापूर्ण फैसला है।ह्वअमेरिका में संविधान के तहत नागरिक हों या छात्र सभी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार सभी को है। सवालः क्या छात्रों को जबरन डिपोर्ट किया जा सकता है? साइरस कहते हैं कि किसी छात्र को जबरन डिपोर्ट नहीं किया जा सकता, जब तक कि उसे कानूनी प्रक्रिया से न गुजारा जाए। डिपोर्टेशन की प्रक्रिया में छात्र को इमिग्रेशन कोर्ट में पेश होकर जज के सामने अपना पक्ष रखने का पूरा मौका मिलता है। हालांकि कुछ मामलों में सरकार छात्रों को डिटेन कर रही है, खासकर उन्हें जिनके हमास या फिलिस्तीन समर्थक होने के संकेत मिले हैं। डिटेंशन की स्थिति में चुनौती देना मुश्किल हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। सवालः सेल्फ डिपोर्ट का मेल आया हो तो क्या करें? कई छात्रों को भेजे गए मेल में स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने को कहा गया है। इस पर शीला और साइरस दोनों का मानना है कि यह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। ऐसे छात्र चाहें तो फेडरल कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दे सकते हैं। कोर्ट से स्टे लेने और फैसले की समीक्षा करवाने का पूरा अधिकार उन्हें है।

# भारत पर ट्रंप का टैरिफ देख पुतिन का तगड़ा ऐलान

## अमेरिका को दे दिया तगड़ा जवाब

एजेंसी

अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया। यानी अब भारतीय समाना अमेरिका में ज्यादा महंगे हो जाएंगे। लेकिन तभी रूस से एक बड़ी खबर आई। पुतिन ने मेक इन इंडिया की जमकर तारीफ की और भारत में निवेश का ऐलान कर दिया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिका भारत को ट्रेड वॉर में घेरने की कोशिश कर रहा है। क्या भारत रूस और दूसरे देशों के साथ मिलकर नई रणनीति बनाएगा। सबसे अहम



बात क्या इससे मोदी सरकार को 2024 के चुनाव में फायदा होगा। दरअसल, अमेरिका ने 2 अप्रैल को रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान किया। इसमें भारत समेत कई देशों पर 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया। भारतीय उत्पादों पर 27 प्रतिशत का भारी टैक्स लगाया गया। मतलब अब भारतीय सामान अमेरिका में महंगे हो जाएंगे। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि भारत अनुचित व्यापार नीतियों का पालन कर रहा है। अमेरिका का आरोप है कि भारत अपने मार्केट में अमेरिकी कंपनियों के लिए बाधाएं खड़ी करता है। ट्रंप ने कहा कि भारत व्यापार के लिए सबसे कठिन जगहों में से एक है। भारत का अमेरिका के साथ कुल 131 अरब डॉलर का व्यापार है। भारत अमेरिका को टेक्सटाइल फार्मा, स्टील और जेम्स ज्वेलरी जैसे प्रोडक्ट डिलीवर करता है। टैरिफ बढ़ने से इन उत्पादों की कीमत अमेरिका में बढ़

> बताया जा रहा है कि अमेरिकी टैरिफ का असर भारत के डायमंड और ज्वेलरी, कार एससरीज, पेट्रोलियम प्रोडक्ट, रेडिमेड गारमेंट जैसे सेक्टर पर पड़ेगा। हालांकि जेनरिक दवाईयों, तांबे के सामान और सेमीकंडक्टर जैसे कुछ सेक्टर्स को इससे बाहर रखा गया है। लेकिन कहानी यही खत्म नहीं होती है। भारत को अपने दोस्त रूस से बड़ी खबर मिली है।

जाएगी। जिससे इनकी ब्रिकी घट सकती है। इसे इस उदाहरण से समझिए कि अगर भारत अमेरिका को 10 लाख का हीरा बेचता है तो नए अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद अमेरिका में इस हीरे की कीमत 12 लाख 60 हजार हो जाएगी।

# हावड़ा में गूंजेगा जय श्रीराम, हाई कोर्ट ने दी जुलूस की मंजूरी



एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बंगाल पुलिस के फैसले को पलटते हुए हिंदू संगठनों को इस साल रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने कोलकाता से सटे हावड़ा जिले में कुछ खास शर्तों के साथ जुलूस निकालने की अनुमति दी है। यह फैसला पिछले साल पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में रामनवमी समारोह के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद आया है। कोर्ट ने जुलूस के लिए सशर्त मंजूरी देते हुए कहा कि जुलूस में शामिल किसी भी व्यक्ति को हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, पुलिस जुलूस पर कड़ी निगरानी रखेगी और जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या 500 तक सीमित रखी गई है। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हावड़ा में जुलूस के लिए तय किए गए मार्ग का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### पुलिस ने अनुमति नहीं दी

हिंदू संगठनों ने हावड़ा जिला पुलिस से रामनवमी जुलूस निकालने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, पुलिस ने 2023 और 2024 में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा और पथराव की पिछली घटनाओं के कारण सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अनुरोध

> कोर्ट ने जुलूस के लिए सशर्त मंजूरी देते हुए कहा कि जुलूस में शामिल किसी भी व्यक्ति को हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, पुलिस जुलूस पर कड़ी निगरानी रखेगी और जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या 500 तक सीमित रखी गई है। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हावड़ा में जुलूस के लिए तय किए गए मार्ग का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

को अस्वीकार कर दिया था। पुलिस ने तर्क दिया कि जुलूस मुस्लिम बहुल क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे यह संभावित रूप से विवादास्पद हो सकता है। पुलिस के इनकार के जवाब में, अंजनी पुत्र सेना और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में इस फैसले को चुनौती दी। हिंदू संगठनों के पक्ष में अदालत का फैसला उनकी जीत है।

### जुलूस के लिए शर्तें

जुलूस में भाग लेने वालों की संख्या 500 से अधिक नहीं होनी चाहिए। जुलूस के दौरान डीजे संगीत की अनुमति नहीं होगी। हथियार या लाठी ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आयोजन समिति को प्रतिभागियों की सूची पहले से ही प्रस्तुत करनी होगी। प्रतिभागियों को पुलिस को अपनी पहचान की एक प्रति प्रदान करनी होगी। जुलूस के दौरान केवल पीवीसी सामग्री से बने धार्मिक प्रतीकों को ही ले जाया जा सकता है।

# दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू, अब लोगों को 10 लाख तक का इलाज मिलेगा मुफ्त

## दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच हुआ एमओयू, 10 अप्रैल से होगी रजिस्ट्रेशन की शुरूआत, सीएम ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

> इस योजना के तहत निर्धारित इलाज के खर्च का 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करेगी. दिल्ली में इस योजना के लागू होने से लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का सालाना स्वास्थ्य बीमा मिलेगा. साथ ही दिल्ली सरकार भी पांच लाख रुपये का अतिरिक्त टॉपअप देगी.



एजेंसी

नई दिल्लीः दिल्ली में आज से आयुष्मान भारत योजना लागू हो गई. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को दिल्ली में लागू करने के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच एमओयू साइन हो गया. इस योजना के तहत निर्धारित इलाज के खर्च का 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करेगी. दिल्ली में इस योजना के लागू होने से लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का सालाना स्वास्थ्य बीमा मिलेगा. साथ ही दिल्ली सरकार भी पांच लाख रुपये का अतिरिक्त टॉपअप देगी.जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मौजूद : इस मौके केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद थीं. कार्यक्रम में दिल्ली के सभी बीजेपी सांसदों ने भी हिस्सा लिया. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह के अलावा अन्य मंत्री भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलएस चांगसन और दिल्ली स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार ने एमओयू पर साइन किए.जेपी नड्डा ने एक और एमओयू साइन करने का किया वादा : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रभानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू होने से 36 लाख लोगों को लाभ मिलेगा. हम 10 अप्रैल को एक और एमओयू साइन करेंगे और10 अप्रैल को हम आयुष्मान कार्ड भी बांटेंगे. उन्होंने कहा कि इस उंगली में बहुत ताकत है. अगर सही जगह उंगली दबती है तो आयुष्मान भारत योजना निकलती है और गलत जगह बटन दबता है तो दवा की जगह दारू बनती है. उन्होंने इस मौके पर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने अहम के चलते इस योजना को दिल्ली में लागू नहीं किया. मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई देना चाहता हूं जो मिशन मोड में काम कर रही हैं. उन्होंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह को भी बधाई दी कि उन्होंने 43 दिन के अंदर इस योजना को लागू करने का खाका तैयार कर दिया. सीएम रेखा ने किया पीएम मोदी का धन्यवाद : इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू होने जा रही है, अब दिल्ली के नागरिकों को भी इसका लाभ मिल सकेगा. पिछली सरकार में साजिश के तहत यह योजना दिल्ली में लागू नहीं हो सकी थी. सीएम ने कहा कि इस योजना के लिए मैं किन शब्दों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा करूं जिन्होंने सरकार बनते ही इस योजना को लागू करने के लिए पैसा भी मंजूर कर दिया.

# कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत, 11 घायल

**कर्नाटक में मिनी बस के खड़े ट्रक से टकराने के कारण 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए हैं.**

एजेंसी

कलबुर्गीः कर्नाटक के जेवरगी तालुक अंतर्गत आने वाले सोना गांव में आज शनिवार सुबह एक मिनी बस और सड़क पर खड़े ट्रक के बीच टक्कर हो गई. जिससे पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई. वहीं, इस हादसे में 11 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए. नेलोगी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.सड़क हादसे में पांच लोगों की मौतः मृतकों की पहचान मौलान गद्दाकेरी (उम्र 52), वाजिद (उम्र 2), मैबूब बी उस्मान साब (उम्र 53), प्रियंका (उम्र13) और मैबूब (उम्र 29) के रूप में हुई है. सभी मृतक व्यक्ति बागलकोट के निवासी हैं. दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनका उपचार चल रहा है.दरगाह जा रहे थे 31 लोगः



पुलिस के अनुसार दो पड़ोसियों और एक ही परिवार के 29 सदस्यों समेत कुल 31 लोग मिनी बस में सवार होकर बागलकोट से कलबुर्गी के बंदेनवाज दरगाह जा रहे थे. जिस ट्रक का टायर पंचर हुआ, वह सड़क के बाईं ओर खड़ा था. ड्राइवर टायर बदलने में व्यस्त था, तभी दरगाह जा रही मिनी बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी.कलबुर्गी एसपी ने घटनास्थल का किया दौराः कलबुर्गी एसपी अदुर श्रीनिवासलू ने घटनास्थल का दौरा किया और निरीक्षण किया.

# पार्टी कार्यकर्ता की कथित आत्महत्या को लेकर कोडागु में भाजपा का प्रदर्शन

## सिद्धारमैया ने मौत का राजनीतिकरण करने का लगाया आरोप

> विरोध प्रदर्शन अराजक हो गया, भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए। सोमैया के बड़े भाई जीवन केएस ने मृत्यु नोट के आधार पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता थेनीरा महेना और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, एफआईआर में विराजपेट के विधायक ए.एस. पोन्नाना, मडिकेरी के विधायक मंतर गौड़ा या हरीश पूवैया का नाम नहीं था, जबकि पुलिस को सौंपी गई हस्तलिखित शिकायत में उनका नाम था।

एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोडागु जिले के कुशालनगर में एक भाजपा कार्यकर्ता की कथित आत्महत्या से संबंधित एफआईआर में दो कांग्रेस विधायकों को शामिल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कई अन्य स्थानों पर भी फैल गया, भाजपा नेताओं ने सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। भाजपा ने घटना की सीबीआई जांच की भी मांग की है। कोडागु के 40 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता विनय सोमैया ने बेंगलुरु में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कथित तौर पर



एक मौत नोट में, जिसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया गया था, सोमैया ने कांग्रेस नेताओं पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। उनकी मौत ने विरोध प्रदर्शनों की लहर पैदा कर दी, जिसमें राज्य अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार, पूर्व सांसद प्रताप सिम्हा और पूर्व स्पीकर के.जी. बोपैया सहित भाजपा नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कथित तौर पर ये नेता कुशालनगर में पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) कार्यालय की घेराबंदी करने की कोशिश कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन अराजक हो गया, भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए। सोमैया के बड़े भाई जीवन केएस ने मृत्यु नोट के आधार पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता थेनीरा महेना और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। हालांकि, एफआईआर में विराजपेट के विधायक ए.एस. पोन्नाना, मडिकेरी के विधायक मंतर गौड़ा या हरीश पूवैया का नाम नहीं था, जबकि पुलिस को सौंपी गई हस्तलिखित शिकायत में उनका नाम था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस मुद्दे पर बात करते हुए भाजपा पर मौत का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की बारीकियों पर टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि जांच पहले से ही चल रही है।

## संक्षेप

### मानवता की मिसाल बना अंकुरण फाउंडेशन

**स्थापना दिवस पर 20 यूनिट रक्तदान, संस्था अध्यक्ष ने 79वीं बार किया रक्तदान**

सुलतानपुर, अंकुरण फाउंडेशन ने अपना 8वां स्थापना दिवस रक्तदान शिविर के साथ मनाया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित शिविर का उद्घाटन राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. मिश्रा और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संजय सिंह ने किया। शिविर में करीब 20 यूनिट रक्तदान किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने 79वीं बार रक्तदान कर एक नई मिसाल कायम की। भविष्य में रक्तदान के लिए 10 लोगों ने रजिस्ट्रेशन भी कराया। दिल्ली से विशेष रूप से रक्तदान करने आए फहीम ने बताया कि वे दिल्ली में भी अंकुरण के आह्वान पर जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं। रक्तदान करने वालों में फहीम अहमद, मनीष राज, संतोष कुमार श्रीवास्तव, रियाज सिद्दीकी समेत कई स्वयंसेवी शामिल रहे। डॉ. आर.के. मिश्रा ने बताया कि नियमित रक्तदान से दिल की सेहत अच्छी रहती है। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि इमरजेंसी में खून की जरूरत पड़ने पर लोगों को आगे आना चाहिए। अंकुरण फाउंडेशन की आगामी पहल के तहत शहर में गर्मी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ लगाए जाएंगे।

### लू से बचाव की तैयारियों की डीएम ने ली समीक्षा

**स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस की व्यवस्था, स्कूलों में समय में बदलाव के निर्देश**

बांदा, जिलाधिकारी जे. रीभा ने महर्षि वामदेव सभागार में हीटवेव से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लू से बचाव के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने चिकित्सा विभाग को महिला और पुरुष वार्ड बनाने के निर्देश दिए। नगर पालिका को पेयजल और वाटर कूलर की व्यवस्था करने को कहा गया। श्रम विभाग को श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश मिले। शिक्षा विभाग को स्कूलों में समय परिवर्तन और छाया-पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग को बस स्टैंड पर पेयजल और छाया की व्यवस्था करने को कहा गया।

स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पाउडर और ग्लूकोज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग को मनरेगा कार्य के समय में बदलाव करने को कहा गया। नगर पंचायतों को प्याऊ और छाया की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह और जिला आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# एयरफोर्स अफसर की पत्नी के पुलिस से सवाल

## गोली की आवाज क्यों नहीं आई; आरोपी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- मिस्टर सनकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज , एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा की 29 मार्च की सुबह 3:15 बजे हत्या कर दी गई। पुलिस ने 31 मार्च को सौरभ कुमार को गिरफ्तार किया और चोरी की कोशिश के दौरान हत्या करने की कहानी सुनाई। आरोपी सौरभ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में भी खुद को मिस्टर सनकी लिखा था।इसके 5 दिन बाद, चीफ इंजीनियर की पत्नी वत्सला मिश्रा ने चुप्पी तोड़ी। अपने वकील के जरिए पुलिस और सरकार से सवाल किए। पूछा- कोई सिर्फ चोरी के लिए हाई सिक्योरिटी एरिया में अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा? उन्होंने पुलिस के सामने 5 सवाल रखे...

सवाल : पेशेवर अपराधी (आतंकी) जैसा हुलिया चोर कब से बनाने लगे?

सवाल : चोरी ही करनी थी तो 23 से 26 मार्च तक घर में कोई नहीं था, तब चोरी क्यों नहीं की?

सवाल : मामूली चोर इतना बड़ा सुरक्षा घेरा कैसे तोड़ सकता है?

सवाल : हत्या में इस्तेमाल हुई पिस्टल की आवाज क्यों सुनाई नहीं दी?

सवाल : पुलिस ने जांच की, मगर सुरक्षा एजेंसियों ने जांच क्यों नहीं की?

अरेस्ट करने के बाद पुलिस सौरभ को

**परिवार का संदेह... प्लानिंग के तहत चीफ इंजीनियर का मर्डर हुआ**

चीफ इंजीनियर सत्येंद्र नाथ मिश्रा मर्डर केस में प्रयागराज पुलिस ने सौरभ, उसके पिता शिव कुमार और मां सुनीता को अरेस्ट करके जेल भेज दिया है। पुलिस थ्योरी के मुताबिक, सौरभ ने चीफ इंजीनियर को गोली मारी। जबकि उसके पिता शिव कुमार और मां सुनीता साजिश रच रहे थे।

सौरभ का बड़ा भाई हनी उर्फ गौतम, जो कि कौशांबी जेल में बंद है, वह भी इस हत्याकांड में शामिल था। क्योंकि 28 मार्च को ही सौरभ कौशांबी में हनी से मिलकर आया था। इसके बाद उसने 28 मार्च की रात 3.15 बजे चीफ इंजीनियर को गोली मारी थी।परिवार का कहना है कि चीफ इंजीनियर प्रयागराज के साथ गोरखपुर, वाराणसी, पटना समेत 5 वायुसेना सेंटर का सिविल वर्क संभालते थे। प्रयागराज वायुसेना के मध्य कमान मुख्यालय में 300 लोगों का स्टाफ उनके अंडर में काम करता था।ऐसे में सिर्फ चोरी के लिए उन्हें इस तरह मार दिए जाने की पुलिस की थ्योरी से परिवार असहमत है। इंजीनियर की पत्नी वत्सला का कहना है कि उनके पति का मर्डर प्लानिंग के तहत किया गया। केस पर चीफ इंजीनियर की पत्नी का रुख समझा।

# ट्रेन पलटाने की साजिश

## ट्रैक पर लोहे का पोल देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, प्रयागराज से लखनऊ जाने वाली रेलवे ट्रैक पर ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। शनिवार की भोर में लखनऊ रूट पर फाफामऊ और अटरामपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन को पलटाने की साजिश नाकाम हो गई। रेलवे को जांच में ट्रैक पर लोहे का पोल मिला। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। लोको पायलट ने मालगाड़ी को रोकने के बाद मामले की जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी।

प्रयागराज से मालगाड़ी ऊंचाहार की तरफ जा रही थी। मालगाड़ी के लोको पायलट संयोग शर्मा ने रेलवे ट्रैक पर अचानक लोहे का पोल देखा तो उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद ट्रेन के मैनेजर प्रवीण की मौजूदगी में वहां से पोल हटाया गया। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी लखनऊ मंडल के कंट्रोल रूम को दी गई।

इसके बाद सहायक उप निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल फाफामऊ मौके पर पहुंचे। रेलवे के अधिकारियों को कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। फाफामऊ और अटरामपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे का पोल मिलने के बाद रेलवे महकमे में खलबली मच गई। आरपीएफ के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आरपीएफ की टीम ने जांच शुरू कर दी है। रेलवे ट्रैक के आस-पास के घरों की में रहने वालों से भी आरपीएफ पूछताछ कर रही है। वहीं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा जाएगा।

वहीं रेलवे की तरफ से रेलवे सुरक्षा बल प्रयाग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आउट पोस्ट फाफामऊ में अपराध संख्या 48/2025 यू/एस 153 रेलवे एक्ट एस/वी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सपा कार्यालय में तीन महापुरुषों की जयंती

- महर्षि कश्यप, निषादराज गुह्य और सम्राट अशोक को किया याद, कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर महर्षि कश्यप, निषादराज गुह्य और सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने की। जिला सचिव महेंद्र यादव ने इन महापुरुषों की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि ये महापुरुष सामाजिक समरसता और न्याय के प्रतीक हैं। विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा ने समाजवादी पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा वंचित, पिछड़े और शोषित वर्गों की आवाज रही है। कार्यक्रम में चंद्रशेखर यादव, मनू पाल, चंद्रकांत पाल, मुन्ना यादव, दीपू तिवारी, अशोक यादव और अनिल यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

# दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने का मामला

## पति ने दूसरी शादी की, पहली पत्नी को बेटे समेत घर से निकाला; बोलेरो के बाद मांगे 5 लाख

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, दहेज प्रताड़ना का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला की शादी 2 जून 2004 को संतोष से हुई थी। शादी में उसके पिता ने 4 लाख रुपये नकद और गृहस्थी का सामान दिया।

तिलक में 61 हजार रुपये नकद और चांदी की थाली दी गई। इतने दहेज के बावजूद ससुराल वाले बोलेरो गाड़ी की मांग करने लगे। रिश्तेदारों की मध्यस्थता पर महिला के पिता ने कर्ज लेकर 4 लाख रुपये और दिए। ससुराल में महिला सभी घरेलू काम करती थी। फिर भी पति और ससुराल वाले 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करते रहे। पति का कहना था कि बोलेरो में उनका भी पैसा लगा है। दहेज की मांग पूरी न होने पर वे महिला को प्रताड़ित करते थे। पीड़िता ने एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद भी परिवार का व्यवहार नहीं बदला। उसे काली-कलूटी कहकर अपमानित किया जाता था। पति और परिवार वाले उसे मायके में छोड़कर मुंबई चले गए। जब वह बेटे के साथ ससुराल जाती, तो पति के चाचा उसे घर में प्रवेश नहीं करने देते। 26 मार्च 2025 को जब पीड़िता अपने बेटे के साथ ससुराल गई, तो पति संतोष, ससुर और चाचाओं ने उसे मारपीट कर भगा दिया।

# खेत के विवाद में युवती की हत्या

- अमेठी के पिता-पुत्र को आजीवन कारावास, 80 हजार का जुमार्ना, 15 साल पुराना मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र में 15 साल पहले हुई एक युवती की हत्या के मामले में न्याय मिल गया है। सुलतानपुर कोर्ट ने दोषी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना 24 अक्टूबर 2010 की है। खेत की जुताई को लेकर चल रहे विवाद में हरिप्रसाद और उनके बेटे अखिलेश ने वरना टीकर गांव में पार्वती सिंह की बेटी सुषमा की हत्या कर दी थी। रात करीब 10 बजे दोनों ने घर में घुसकर सो रही सुषमा पर गोली चला दी। पेट और पीठ में गोली लगने से इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजनों को मिलेगी राशि पार्वती सिंह ने 25 अक्टूबर 2010 को गौरीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने अखिलेश के पास से तमंचा बरामद किया। मुकदमे में अभियोजन पक्ष ने छह गवाह पेश किए। साक्ष्यों के आधार पर एडीजे एकता वर्मा ने दोनों को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 80 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह राशि मृतका के परिजनों को दी जाएगी। दोनों दोषियों को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया गया है।

# बुजुर्ग महिला की साइकिल का टिकट नहीं बनाया

## अमेठी में परिचालक और ट्रैफिक निरीक्षक के बीच विवाद, पुलिस चौकी पहुंचा मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अनोखा मामला सामने आया है। कादूनाला के पास ट्रैफिक निरीक्षक रामपाल बसों की चेकिंग कर रहे थे। पीलीभीत डिपो की एक बस की जांच के दौरान एक बुजुर्ग महिला यात्री की साइकिल का लगेज टिकट नहीं मिला। परिचालक दिवाकर ने बताया कि बुजुर्ग महिला के पास टिकट के पैसे नहीं थे। यात्रियों ने मिलकर चंदा इकट्ठा कर महिला का यात्रा टिकट तो खरीद दिया, लेकिन साइकिल का टिकट नहीं बनवाया। परिचालक ने मानवीय आधार पर साइकिल को बिना टिकट के बस में लाद लिया। ट्रैफिक निरीक्षक ने जुमार्ना लगाने की बात की, जिस पर परिचालक से उनकी तीखी बहस हो गई। किसी यात्री ने इस विवाद का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष पुलिस चौकी पहुंच गए। चौकी इंचार्ज सत्य प्रकाश के अनुसार, दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया और कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। एआरएम काशी प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वक्फ बिल मुसलमानों को स्वीकार नहीं

## अलीगढ़ में मुफ्ती बोले-बिल वापस न हुआ तो बनेंगे 1947 जैसे हालात; मुकदमा दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। अगर सरकार ने यह बिल वापस नहीं लिया तो देश में 1947 से हालात बन जाएंगे। यह बात अलीगढ़ में मुफ्ती अकबर काजमी ने कही। नुक्कड़ सभा में बोलते हुए कहा- सरकार का यह बिल मुसलमानों को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। केंद्र सरकार को यह बिल वापस लेना होगा। वहीं मुफ्ती के बयान के बाद भाजपाई और बजरंग दल ने देहलीगेट और रोरावर थाने में लिखित तहरीर दी है। साथ ही गिरफ्तारी की मांग की। वहीं मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। भाजपा नेता संजू बजाज ने कहा- 1947 में देश का बंटवारा हुआ था। मुफ्ती ने अपने बयान से देश का बंटवारा कराने और देश में गृह युद्ध कराने की बात कही है। वहीं बजरंगदल के गोरक्षा दल के प्रमुख करन चौधरी ने कहा-मुफ्ती का यह बयान देश विरोध है और उन्होंने जिले का माहौल बिगाड़ने वाला बयान दिया है। इसलिए उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं कानपुर में भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली ने कहा- वक्फ संशोधन बिल के पास होने से देश और सशक्त होगा।

अब सही लोगों के पास भूमि और पैसा पहुंचेगा। उन्होंने भोजीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले शोषण पर कहा कि जिन्हें भी ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है, उन्हें सीधे पुलिस और हेल्पलाइन में शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने कहा- अगर मुझे ऐसी समस्याएं आती तो मैं हेल्पलाइन नंबर 1090 मिलाती। भोजीवुड अब पहचान का मोहताज नहीं है, इसलिए हमें अब अच्छे गानों की ओर ध्यान देना चाहिए।

# एक सप्ताह चलेगा भाजपा का स्थापना दिवस

## कार्यालय में हुई हनुमान चालीसा, झंडारोहण और सक्रिय सदस्य सम्मेलन भी होगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय जनता पार्टी अपना स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुट गई है। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रमों की श्रृंखला 5 अप्रैल से शुरू कर दी गई। आज पहले दिन शाम 4 बजे कार्यालय में हनुमान चालीसा पाठ और हवन किया गया। इसके बाद कार्यालय की सजावट की जाएगी। 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे जिलाध्यक्ष द्वारा कार्यालय में झंडारोहण किया जाएगा। इसके बाद सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने घरों पर भी पार्टी का झंडा फहराएंगे और सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे। सभी बूथों पर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही संगोष्ठी, एकल भाषण और घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। 8 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष और सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह पार्टी यात्रा से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। भाजपा सबसे बड़ा राष्ट्रवादी दल जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है। यह देश को सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम आवास में मिले होमगार्ड के शव का पोस्टमार्टम

## हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि, परिवार को दी जाएगी आर्थिक मदद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कलेक्ट्रेट के एसडीएम आवास में तैनात होमगार्ड राजकिशोर की मौत का कारण सामने आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उनकी मृत्यु हार्ट अटैक से हुई। 56 वर्षीय राजकिशोर मुंशीगंज क्षेत्र के पनियार गांव के रहने वाले थे। वे 1 अप्रैल से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के आवास की सुरक्षा में तैनात थे। बृहस्पतिवार को उनका शव एसडीएम आवास के नीचे बने कमरे में मिला था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। मामले में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया। आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक सामने आया। गौरीगंज इंस्पेक्टर श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। परिजन भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संतुष्ट हैं।

# मथुरा में ग्राम प्रधानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## पेंशन और शस्त्र लाइसेंस समेत पांच मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, ग्राम प्रधानों ने अपनी पांच प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रधानों ने डिप्टी कलेक्टर को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान संगठन का कहना है कि प्रधान का पद संवैधानिक होने के बावजूद उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायकों को समान संवैधानिक पद पर पेंशन दी जाती है। प्रधानों की प्रमुख मांगों में शामिल हैं - सभी प्रधानों को शस्त्र लाइसेंस दिया जाए। उन पर राजनीतिक विद्वेष से लगाए गए झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना में छोटी पंचायतों को भी शामिल किया जाए। मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया गया। बलदेव ब्लॉक को छोड़कर सभी ब्लॉक में मनरेगा की आईडी और पासवर्ड जारी हो चुके हैं। बलदेव ब्लॉक में भुगतान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष योगेश गौतम के साथ अमर सिंह, विकास, जीतू, नीरज, विजेन्द्र, धर्मवीर, राधेश्याम, मानवेन्द्र, विष्णु, आनंद कुमार, ब्रज किशोर, ओम प्रकाश और दुर्गेश सहित अन्य प्रधान मौजूद थे।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।